Name of publication: Punjab Kesari

December 2019

83 किसानों ने अपने पशुओं की जांच कराई

पुन्हाना, ललित गर्ग,(पंजाब केसरी):सहगल फाऊंडेशन के तत्वाधान में गांव रहीड़ा में पशु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पशु पालन व उनकी देख रेख जानकारी दी गई। साथ हीं किसानों को पशुओं के बीमा के बारें में जागरूक किया गया। इस दौरान 83 किसानों ने अपने पशुओं की जांच कराई व 40 किसानों ने पशु बीमा के लिए नाम दर्ज कराए। शिविर के दौरान पशु चिकित्सकों ने जांच के दौरान 60 किसानों को पशुओं की दवाईयां भी वितरण की।

शिविर में किसानों को संबोधित करते हुए ड़ा. सुभाष कुमार ने बताया कि पशुओं की समय समय पर देख

● 40 किसानों ने पशु बीमा के लिए नाम दर्ज कराए

रेख करनी जरूरी है। पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी जांच समय समय पर पशु चिकित्सकों से करानी चाहिए। किसी भी तरह की बीमारी में कोई लापरवाहीं नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकत्तर किसान पशु पालन तो करते है, लेकिन उनके खान-पान और स्वास्थ्य के बारें में जागरूक नहीं होने के कारण उनकी पूरी तरह देखभाल नहीं कर पाते है। जिसके कारण पशु बीमारियों की

चपेट में आ जाता है और वह पशु किसी भी काम-काज भी नहीं रहता है। इसके लिए जरूरी है कि पशुओं की हमें पूरी देखभाल करनी चाहिए और समय समय पर पशु चिक्तिसकों से पशुओं के स्वास्थ्य और खान-पान सहित बीमारियों के बारें परामर्श करते रहना चाहिए।

इस दौरान शिविर में आए डा. करण सिंह यादव, आदिल, सलीम खां ने किसानों के पशुओं के रखरखाव व पालन-पोषण के अनेकों सुझाव बताऐं, साथ हीं पशु बीमा योजना के बारें में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पशु बीमा योजना का प्रत्येक किसान लाभ उठाए, जो कि पशु पालक किसानों के लिए लाभदायक है। इस दौरान उन्होंनि किसानों को बारिकी से बीमा योजनाओं से अवगत कराया। इस मौके पर सहगल फाऊंड़ेशन ब्लॉक कॉर्डिनेटर शाहीन, रूपेश मित्तल, अजीत कुमार, निजाम खान, सोनम जोनवाल, शराफत अली, संजय कुमार ने भी किसानों को संबोधित किया व बताया कि समय समय पर वे सहगल फाऊंडेशन के बैनर तले किसानों के हित के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन करते रहते है, जिससे किसान ऐसी योजनाओं के बारें मे जागरूक हो सके।

Animal Health Camp organized in village Rohira

Topics such as animal healthcare, including animal insurance were discussed at the animal health camp organized in village Rohira in Nuh, Haryana. About 83 farmers got their animals checked at the camp and 40 farmers registered for animal insurance. Veterinary doctor present at the camp shared about regular medical checkup for animals such that they can continue to be a source of livelihood for farmers.